F.Y.
March 2015



## Part - II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours
Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read the questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना :** निम्नलिखित कवितांश पढ़िये और 1 से 4 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

मनु नहीं मनु-पुत्र है यह सामने, जिसकी,
कल्पना की जीभ में भी धार होती है,
बाण ही होते विचारों के नहीं केवल,
स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती है ।
स्वर्ग के सम्राट को जाकर खबर कर दे
रोज़ ही आकाश चढ़ते जा रहे हैं ये;
रोकिए, जैसे बने, इन स्वप्नवालों को;
स्वर्ग की ही ओर बढ़ते आ रहे हैं ये ।

1. यह कवितांश किस कविता से लिया गया है? (1)
2. कविता के 'धार' शब्द का समानार्थी शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखिए । (1)
   (तलवार, तेज़, बाण, रोज़)
3. मनु-पुत्र की कल्पना कैसी होती है? (2)
4. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए । (6)

**सूचना :** निम्नलिखित खंड पढ़िये और **5** से **10** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

दिवाली की रात को मैं अपने गाँव के युवा मंडल के कार्यालय में अपने साथियों के साथ बैठा था । तभी हमें पता चला की गाँव में आग लग गई है । मैंने सभी युवाओं को आग बुझाने के लिए जल्दी जाने को कहा । सभी युवा लोग आग लगे स्थान की तरफ भागे । किंतु एक युवक बड़ी मस्त चाल से चल रहा था ।

मैंने उसे भी जल्दी चलने को कहा तो वह बोला, ''भागना किसलिए हैं? अपने को तो तमाशा देखना है । कुछ क्षण बाद देख लेंगे ।'' तभी उसके भाई की लड़की दौड़ती हुई आयी और युवक को संबोधित करते हुए बोली, ''चाचा अपने घर में आग लग गई है ।''

लड़की की बात सुनते ही युवक दौड़ने लगा । क्योंकि अब उसका अपना घर जल रहा था ।

(कार्यालय - office, मस्त चाल - खुशी से)

**5.** दिवाली की रात को लेखक कहाँ बैठा था? **(1)**

**6.** लेखक ने सभी युवाओं को क्यों जल्दी जाने को कहा? **(1)**

**7.** लड़की की बात सुनते ही युवक दौड़ने लगा । क्यों? **(2)**

**8.** उस दिन के लेखक की डायरी कल्पना करके लिखिए । **(7)**

**9.** खंड का संक्षेपण कीजिए । **(6)**

**10.** संक्षेपण के लिए शीर्षक लिखिए । **(1)**

**सूचना :** निम्नलिखित **11** से **16** तक के प्रश्नों का उचित हिंदी शब्द चुनकर मिलान कीजिए। **(6)**

(अगला चरण, सार्वजनिक, साझा करें, बातचीत, प्रारुप, कूड़ेदान, संकेत)

**11.** Chats

**12.** Public

**13.** Trash

**14.** Next step

**15.** Share

**16.** Format

**सूचना :** निम्नलिखित दोहा पढ़िये और **17** एवं **18** के उत्तर लिखिए ।

दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय ।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय ।।

**17.** 'स्मरण' शब्द का समानार्थी शब्द दोहे से ढूँढकर लिखिए । **(1)**

**18.** इस दोहे का भावार्थ लिखिए । **(4)**

**सूचना :** जुलूस नाट्यरुपांतर के बीरबलसिंह का निम्नलिखित कथन पढ़िये और प्रश्न **19** का उत्तर लिखिए।

बीरबलसिंह : हमारा हुक्म क्या आपको सुनाई नहीं पड़ा?
: फिर से सोच लें! बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा!
: सिपाहियो, लाठी चार्ज करो!

**19.** इस कथन के आधार पर बीरबलसिंह के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए । **(4)**

**20.** निम्नलिखित अंग्रेजी बातचीत का हिंदी में अनुवाद कीजिए । **(6)**

Teacher : Why are you late Puneeth?

Puneeth : Sorry teacher, I saw a tragic incident on the road.

Teacher : Oh! What happened?

Puneeth : A person was lying on the road. He was severely injured.

Teacher : What did you do then?

Puneeth : I took him to the hospital.

(Tragic incident – दुखात्मक घटना, severely – बुरी तरह, injured – घायल हुआ)

**21.** निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर विज्ञापन तैयार कीजिए ।
बाज़ार में रिंग-टोन कंपनी की ओर से नया मोबाईल फोन आया है । उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- बहुरंगी
- डेढ़ साल की वारंटी
- 2 जीबी मेमरी मुफ्त
- अदला-बदला (Exchange) की सुविधा **(7)**

**सूचना :** निम्नलिखित **22** से **26** तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

**22.** निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखिए ।

**सहायक बिंदु :**

- फिल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, संवाद, छायांकन, संपादन, गीत आदि
- फिल्म की समग्रता पर अपना दृष्टिकोण **(8)**

**23.** निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर संपादकीय तैयार कीजिए ।
आजकल संसार भर निरपराध बच्चों के प्रति अत्याचार और आक्रमण हो रहा है । इस प्रसंग में 'बच्चों के प्रति अत्याचार रोकें' इस विषय पर संपादकीय तैयार कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- बच्चों के विरुद्ध अत्याचार
- बच्चे कल के नागरिक
- मानविकता का अभाव
- सुरक्षाहीन वातावरण
- सख्त नियमों का पालन
- मनोवृत्ति में बदलाव
- अपराधियों को कठिन दंड **(8)**

**24.** निम्न सुर्खियाँ पढ़िए ।

| |
|---|
| स्कूल में गंदगी : संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा |

| |
|---|
| 1000 छात्रों के लिए तीन शौचालय |

| |
|---|
| स्वच्छता की सीख स्कूली जीवन से होनी चाहिए : मंत्री |

स्कूल और आसपास को स्वच्छ रखने के लिए सरकार द्वारा किए जानेवाले कारवाईयों की जानकारी पाने के लिए सुमन, सदस्य, अध्यापक अभिभावक संघ, सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल, पालक्काड की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, शिक्षा विभाग, केरल सरकार, तिरुवनंतपुरम् के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार कीजिए । **(8)**

**25.** निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर वार्तालाप लिखिए ।

यात्री शाम को घर पहुँचा । उसकी परेशानी देखकर पत्नी ने कारण पूछा । यात्री ने असलम की मृत्यु की खबर सुनाई । यात्री और पत्नी के बीच का वार्तालाप लिखिए।

**सहायक बिंदु :**

- असलम की मृत्यु की खबर
- असलम के प्रति अपना व्यवहार
- हमदर्दी का अभाव
- पश्चात्ताप से उत्पन्न अनुताप **(8)**

**26.** निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर **निबंध** लिखिए ।

हिंदी भारत की राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा है – 'सीखें हिंदी, सिखाएँ हिंदी' इस विषय पर निबंध लिखिए ।

**सहायक बिंदु :**

- भारत की संपर्क भाषा
- अधिकांश जनता की बोलचाल की भाषा
- एकता की कड़ी
- हिंदी हमारी संस्कृति
- हिंदी का प्रचार – नागरिकों का कर्तव्य